# कार्यालय-अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप
हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर

## -कार्यालय ज्ञाप-

पत्र सं0 604/शैक्षिक/2026 दिनांक जुलाई 31, 2026

विश्वविद्यालय के शैक्षिक अनुभाग के पत्रांक 525/शैक्षिक/2026 दिनांक 20/07/2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो कि शैक्षिक सत्र 2026-27 में अध्ययनरत् समस्त पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं (पी०एच०डी० शीतकालीन छात्र-छात्राओं को छोड़कर) के विषम सत्र का **एकमुश्त (Single Instalment)** शिक्षण शुल्क भुगतान एवं अनुत्तीर्ण छात्रों के **पुनः प्रवेश (Readmission)** की प्रक्रिया से सम्बन्धित है। उक्त के क्रम में समस्त छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **शैक्षिक सत्र 2026-27 का एकमुश्त शिक्षण शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31/07/2026 को विस्तारित करते हुए 07/08/2026 तक किया जाता है।**

उपरोक्त तिथि के उपरान्त रु0 200/- प्रतिदिन (अधिकतम रु0 1000/- मात्र एक सप्ताह तक) विलम्ब शुल्क देय होगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि जिन छात्र-छात्राओं की न्यूनतम उपस्थिति 75 प्रतिशत नहीं होगी एवं जिनके द्वारा इनरोलमेन्ट से सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण नहीं की गई है, उन छात्र-छात्राओं को आगामी मिड सेमेस्टर एवं नियमित परीक्षा में प्रतिभाग करने से वंचित कर दिया जाएगा। साथ ही, ऐसे छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति के आवेदन पत्र कार्यालय में जमा नहीं किये जाएंगे, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी छात्र की होगी।

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप

प्रतिलिपि निम्नोक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. समस्त विभागाध्यक्ष को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विभाग के सूचना पट्ट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
2. अधिष्ठाता, छात्र-कल्याण को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को छात्रावासो के सूचना पट्ट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
3. परीक्षा नियंत्रक, एच०बी०टी०यू०, कानपुर को सूचनर्थ प्रेषित।
4. वित्त नियंत्रक, एच०बी०टी०यू०, कानपुर को सूचनर्थ प्रेषित।
5. सिस्टम मैनेजर, एच०बी०टी०यू०, कानपुर को इस आशय के साथ प्रेषित है कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड/ प्रदर्शित करने का कष्ट करें।
6. विशेष कार्याधिकारी, कुलपति कार्यालय, मा० कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
7. सूचना पट्ट, शैक्षिक अनुभाग, एच०बी०टी०यू०, कानपुर।

(प्रो0 वन्दना दीक्षित कौशिक)
अधिष्ठाता, शैक्षिक क्रियाकलाप